उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांक – 9577 /208(2020)/अधियाचन/2020–21 दिनांक 15.03.2021

विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज द्वारा प्रदेश के सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक एवं प्रवक्ता के विषयवार, अनारक्षित व आरक्षित श्रेणीवार तथा वर्गवार (बालक/बालिका) रिक्त पदों के सापेक्ष चयन हेतु विज्ञापन चयन बोर्ड की वेबसाइट (upsessb.org) पर दिनांक 15.03.2021 को जारी कर दिया गया है, जिसके आवेदन आनलाइन प्राप्त किये जायेंगे। आनलाइन आवेदन के अतिरिक्त अन्य किसी भी माध्यम से प्रेषित आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आनलाइन आवेदन भरने के लिए विस्तृत अनुदेश चयन बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे चयन बोर्ड की वेबसाइट पर विज्ञापन से सम्बन्धित निर्देशों का भली–भॉति अध्ययन कर पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें, तद्नुसार आवेदन करें। आवेदन सबमिट करने की अन्तिम तिथि दिनांक **15.04.2021** है। इसके पश्चात् किसी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं होगा।

15-03-2021

(नवल किशोर)
परीक्षा नियन्त्रक,
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।